>

Title: Issues raised regarding incidents of violences that took place in Palghar maharan

श्रीमती मीनाक्षी लेखी: माननीय अध्यक्ष जी, इस सदन के माध्यम से मैं दिल को दहलाने वाला एक विषय उठाना चाहती हूं। महाराष्ट्र के अन्दर जिस प्रकार से एक नौ सेना के अफसर सूरज कुमार जी, जो झारखण्ड से थे और आई.एन.एस. अग्रणी, कोयम्बटूर में काम करते थे। उनको उठाकर ले जाया गया और दस-बीस लाख रुपये की फिरौती को लेकर उन्हें जलाकर उनकी हत्या कर दी गई। यह पालघर का वही डिस्ट्रिक्ट है, जहां इससे पूर्व दो साधुओं की भी हत्या की गई थी। ऐसे समय में महाराष्ट्र में जिस तरीके की कानून-व्यवस्था चल रही है और एक भाजपा के कार्यकर्ता को साड़ी पहनाकर, कंगन पहनाकर पूरे बाजार में बेइज्जत करके घुमाया गया। मुझे हैरानी है कि जब इस तरीके की कानून-व्यवस्था चल रही है और ऐसे घृणित मामले सामने आ रहे हैं, अगर राज्य सरकार का कोई लेन-देन नहीं है तो उन्हें इस मामले को सीबीआई को सौंप देना चाहिए। पर, सच तो यह है कि महाराष्ट्र सरकार द्वेष के साथ काम कर रही है। खास तौर से, इस देश के जो दो बड़े हीरोज़ हैं, जिन्होंने इस देश के पक्ष में ट्वीट किया, उनको भी दबाने का, धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। महाराष्ट्र सरकार उसकी जांच कर रही है, लेकिन बाकी विषयों की, जो जांच करने वाले विषय हैं, उनकी जांच नहीं कर रही। ऐसे में मैं इस सदन के माध्यम से महाराष्ट्र सरकार को चेताना चाहती हूं, आग्रह करना चाहती हूं कि आप भारत के अंग हैं और भारत के अंग में जो भारत विरोधी ताकतें हैं, उनके साथ खड़े हुए दिखाई न दें। बहुत-बहुत धन्यवाद।

जय हिन्द।